दिनांक 03.02.2017

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय में केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो के सौजन्य से
पॉच-दिवसीय संक्षिप्त अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न ।

महानदी कोलफील्डस लिमिटेड मुख्यालय, आनंद विहार,बुर्ला में केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो के सौजन्य से दिनांक 30.01.2017 से 03.02.2017 तक पॉच-दिवसीय संक्षिप्त अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिनांक 30.01.2017 को श्री बी.सी. त्रिपाठी,महाप्रबंधक (प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान/राजभाषा) की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में कुशल एवं अनुभवी संकाय सदस्य के रूप में श्री राकेश कुमार पाठक,सहायक निदेशक एवं श्री राजेश सिंह, सहायक निदेशक,कैंद्रीय अनुवाद ब्यूरो,राजभाषा विभाग,गृह मंत्रालय,भारत सरकार उपस्थित रहे।

उपरोक्त पॉच दिवसीय अनुवाद कार्यक्रम में एमसीएल मुख्यालय एवं क्षेत्रों के कुल 16 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान अनुवाद से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों यथा- (1) प्रक्रिया साहित्य का अनुवाद (2) राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के अंतर्गत अनुवाद किए जानेवाले दस्तावेजों के अनुवाद की प्रकृति पर चर्चा। (3) हिंदी-अंग्रेजी वाक्य संरचना के अंतर, जटिल वाक्यों का अनुवाद। (4) सरकारी कार्यालयों/संस्थानों में अनुवाद सामग्री का व्यावहारिक पक्ष एवं अंग्रेजी पाठ का हिंदी अनुवाद। (5) वैज्ञानिक/तकनीकी/प्रशासनिक दस्तावेजों की सामग्री का व्यावहारिक पक्ष एवं हिंदी पाठ का अंग्रेजी अनुवाद। (6) कार्यालयी साहित्य के अनुवाद की प्रकृति एवं प्रशासनिक शब्दावली पर चर्चा। (7) इंटरनेट पर उपलब्ध शब्दावली, अनुवाद साफ्टवेयर पैकेज इत्यादि के माध्यम से अनुवाद के साफ्टवेयर की जानकारी आदि बिन्दुओं पर गहन प्रशिक्षण दिया गया।

दिनांक 03.02.2017 को महाप्रबंधक(प्रबंधन प्रशि. संस्थान/राजभाषा) की अध्यक्षता में कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक महोदय ने कहा कि सभी प्रशिक्षार्थी अपने-अपने क्षेत्रों/ विभागों में अपने अनुवाद कौशल का प्रयोग कर राजभाषा नीतियों का पूर्ण अनुपालन करना सुनिश्चित करें। सभी प्रशिक्षार्थियों को निदेशक, केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, भारत सरकार की ओर से जारी प्रमाण-पत्र महाप्रबंधक महोदय के कर-कमलों से प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में श्री राकेश कुमार पाठक,सहायक निदेशक, श्री राजेश सिंह, सहायक निदेशक एवं डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा, हिंदी प्राध्यापक,हिंदी शिक्षण योजना,भारत सरकार ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

श्री बी.आर. साहु कलिहारी,सहायक प्रबंधक(सचिवीय/राजभाषा),एमसीएल मुख्यालय द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया।

MCL
Years of Mining Excellence
03.02.2017 तक

MCL
Years of Mining Excellence
शिक्षण कार्यक्रम
2017 से 03.02.2017 तक
संस्थान, आनंद विहार

MCL
Years of Mining Excellence
शिक्षण कार्यक्रम
1.2017 से 03.02.2017 तक
राकेश कुमार पाठक
राजेश सिंह

MCL
Years of Mining Excellence
राजेश सिंह
बी.सी. त्रिपाठी

क्लीन इण्डिया

अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम